मुस्लिम छात्रावास भूमि आवंटन के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

जयपुर के सांगानेर में मुस्लिम छात्रावास को भूमि आवंटन के विरोध में सांगानेर बचाओ संघर्ष समिति के आव्हान पर करीब हिंदू समाज के पांच हजार लोगों ने पिंजरापोल गोशाला से आवासन मंडल कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। इसके बाद वहां प्रदर्शन किया।

जयपुर। गुरुवार को जयपुर के सांगानेर में मुस्लिम छात्रावास को भूमि आवंटन के विरोध में सांगानेर बचाओ संघर्ष समिति के आव्हान पर पूरा सांगानेर प्रताप नगर स्वेच्छा से संपूर्ण बंद रहा। भूमि आवंटन के विरोध में करीब 5000 की संख्या में हिंदू समाज ने पिंजरापोल गोशाला से आवासन मंडल कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला।

प्रवक्ता रविन्द्र शर्मा ने बताया कि राजस्थान आवासन मण्डल ने हाल ही में प्रताप नगर सेक्टर-3 में एक हजार बच्चों के लिए मुस्लिम छात्रावास बनाने के लिए 5000 वर्गमीटर भूमि का निशुल्क आवंटन किया है। इस आवंटन को रद्द करने के लिए सांगानेर बचाओ संघर्ष समिति और हिन्दू समाज के लोग सड़कों पर उतर आए और नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकाला। सांगानेर बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह सिसोदिया की ओर से निकाले गए

■ **सांगानेर व प्रताप नगर स्वेच्छा से रहा बंद, सैकड़ों महिलाएं व पुरूषों ने प्रताप नगर हाउसिंग बोर्ड कार्यालय पर जमकर नारेबाजी की**

मार्च को सांसद रामचरण बोहरा और विधायक अशोक लाहोटी का भी समर्थन मिला। रविंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार ने इससे पहले यहां हज हाउस के लिए भूमि आंवटन की थी जिसका हमने विरोध किया था। उसके बाद उसका आवंटन रद्द किया गया था। सांसद बोहरा ने कहा कि सरकार ने मुस्लिम छात्रावास बनाने के लिए 5000 वर्गमीटर भूमि का निशुल्क आवंटन किया है। 99 प्रतिशत हिन्दू जनता के बीच में मुस्लिम छात्रावास की कोई आवश्यकता नहीं है। समिति के अशोक सिंह ने बताया कि इससे पहले 14 मई को सांगानेर प्रताप नगर स्थित सेक्टर-3 जोन-35 में राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा मुस्लिम छात्रावास के निर्माण के लिए भूमि का निशुल्क आवंटन किये जाने के विरोध में सांगानेर बचाओ संघर्ष समिति की ओर से सोमवार को कृष्णा गार्डन, सैक्टर-3 में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में महामण्डलेश्वर बालमुकुन्दाचार्य महाराज, बडा रामद्वारा रामदयाल महाराज, अर्जुन सिंह सिसोदिया सहित सांगानेर और प्रताप नगर के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। बैठक में हिन्दू समाज ने 18 मई को सांगानेर बन्द का आव्हान किया था। रविन्द्र शर्मा ने बताया कि की प्रताप नगर में किसी भी हालात में मुस्लिम छात्रावास नहीं रहेगा। सांगानेर बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अर्जुन सिंह सिसोदिया ने बताया कि राजस्थान आवासन मण्डल ने हाल ही में प्रताप नगर सेक्टर-3 में एक हजार बच्चों के लिए मुस्लिम छात्रावास बनाने के लिए 5000 वर्गमीटर भूमि का निशुल्क आवंटन किया गया है। इस आवंटन को रद्द करने के लिए सभी हिन्दू समाज के करीब 1 हजार, 1500 लोगों ने सेक्टर तीन की सभा में एक साथ इसका विरोध करने का आव्हान किया और कहा कि 99 प्रतिशत हिन्दू जनता के बीच में मुस्लिम छात्रावास की कोई आवश्यकता नहीं है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार गोपाल शर्मा, पूर्व संसदीय सचिव डॉ.कैलाश वर्मा, बार्ड 99 से पार्षद प्रतिनिधि ब्रमप्रकाश शर्मा सांगानेर से करन यादव समाजसेवी शंकर लाल बागड़ा, चेयरमैन शंकर लाल शर्मा, अशोक सिंह निलेश पुरोहित सहित आमजन के साथ सामाजिक संगठनों मौजूद थे।

महरिया आज थामेंगे भाजपा का दामन

जयपुर। प्रदेश में चुनाव समय नजदीक आते ही राजनीतिक उठापटक भी शुरू हो गई है। इसी के बीच शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया भाजपा का दामन थामेंगे। महरिया सुबह 10 भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित महरिया के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता मौजूद रहेंगे। महरिया तीन बार सांसद रहे हुए हैं। हालांकि 2009 में चुनाव हारने के बाद 2014 में भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी नहीं बनाया। जिससे नाराज होकर मेहरिया ने 2019 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट से सीकर से सांसद का चुनाव लड़ा और स्वामी सुबेदानन्द के सामने चुनाव हार गए। महरिया 2004 में केंद्रीय राज्यमंत्री ग्रामीण विकास मंत्रालय में रहे।

कांग्रेस का बिजली के बिल नहीं बढ़ाने का वादा हवा-हवा हो गया : सी.पी.जोशी

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी आज चित्तौढ़गढ़ दौरे पर रहे। प्रतापगढ़ में मीडिया विभाग में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में बिजली के बिल नहीं बढ़ाने का वादा हवा-हवा हो गया। यह सरकार जब से सत्ता में आई है, कुर्सी के चक्रव्यूह में ही फंस कर रही गई, ऐसे में घोषणा पत्र में किए वादे कैसे पूरे हो पाते। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार ने साढ़े चार साल जनता को सिर्फ आहत ही किया है अब चुनावी साल में राहत कैंप लगाकर जनता को गुमराह कर रही है। अगर बिजली बिलों में सरकार को बढ़ोतरी करनी थी, तो राहत कैंप लगाकर क्या साबति करना चाह रही है। पब्लिक

■ **'कुर्सी के चक्रव्यूह में ही फंसे रहे, कैसे पूरे होते घोषणा पत्र के वादे'**

है सब जानती है।

जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2018 में वादा किया था कि यदि हमारी सरकार बनेगी तो प्रदेश की जनता पर एक पैसे भी बिजली बिल बढ़ोतरी का भार नहीं डालेंगे। लेकिन कोरोना काल के दौरान फ्यूल चार्ज का बढ़ाना और लगातार बिजली बिलों में सरचार्ज के रूप में बढ़ोतरी करना इस बात को इंगित करता है कि राजस्थान सरकार अपने वादे से मुकर गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वादा करके सत्ता में आने के बाद हमेशा से ही जनता से वादाखिलाफी करती आ रही है। आमजन और जन भावनाओं से जुड़े मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी सदैव जागृत है और सरकार के खिलाफ आंदोलन करके उसे अपने फैसले पर पुनर्विचार के लिए बाध्य करेगी।

अजमेर में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई होने को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए कहा यह उनका अंदरूनी मामला है, मैं इसके बारे में कुछ भी नहीं कहूंगा किन्तु इस प्रकार की घटनाओं से प्रदेश की जनता का अहित होता है।

जन-जन को दीवार लेखन से जोड़कर घर-घर पहुंचेगी भाजपा : राजेंद्र राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेश भर में आज दीवार लेखन का कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दीवार लेखन के माध्यम से भाजपा हर बूथ तक कमल का फूल और प्रदेश भाजपा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी और प्रदेश की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को बेनकाब करने का कार्य अपने स्लोगनो के द्वारा करेगी।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि जन-जन को दीवार लेखन से जोड़कर भाजपा घर-घर पहुंचेगी। वहीं सी.पी.जोशी ने कहा कि दीवार लेखन से भाजपा बूथ सशक्त करेगी।

■ **दीवार लेखन से बूथ सशक्त करेगी भाजपा : सी.पी. जोशी**

भाजपा प्रदेश प्रचार प्रसार विभाग के सह संयोजक राजेश तांबी ने बताया कि प्रदेश भर में दीवार लेखन का कार्य का शुभारंभ हुआ। चित्तौड़गढ़ में प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, सिविल लाइंस जयपुर में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, टोंक में पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, बांसवाड़ा में उप नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर सतीश पूनियां, भरतपुर में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी, डूंगरपुर में सांसद कनक मल कटारा एवं राजसमंद में प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, जालौर-सिरोही में विधायक जोगेश्वर द्वारा आज दीवार लेखन कर इस अभियान का शुभारंभ किया गया। आगामी दिनों में प्रदेश भाजपा के तमाम विधायक, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा हर बूथ पर दीवार लेखन कर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को बेनकाब किया जाएगा।

इन कार्यक्रमों में प्रचार-प्रसार विभाग के प्रभारी अशोक सैनी, संयोजक निर्मल शर्मा ,सह संयोजक मनोज शर्मा की भी उपस्थिति रही।

राज्यपाल को "द साइबेरियन स्ट्रे" की प्रति भेंट

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र को गुरुवार को राजभवन में कक्षा बारहवीं में अध्ययनरत आशी गालरिया और अस्मी ढाकर ने संयुक्त रूप से लिखी अपनी पुस्तक "द साइबेरियन स्ट्रे" की प्रथम प्रति भेंट की।

राज्यपाल मिश्र ने आशी और सह लेखिका की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना दी। पुस्तक लेखक आशी गालरिया ने बताया कि उनकी यह पुस्तक जानवर और मनुष्य के प्रेम से जुड़ी मार्मिक कथा है। उसने बताया कि इसमें बच्चे एलन और उसके पालतू कुत्ते सफायर के रिश्तों के आलोक में कहानी के अनूठे सूत्र पिरोए गए हैं।

मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब होती है जब कोई आदिवासी बेटी तरक्की करती है : डॉ. पूनियां

बांसवाड़ा/जयपुर। वागड़ अंचल में सुदूर जनजाति क्षेत्र बांसवाड़ा के छोटी सरवन में बारी गाँव में राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष व भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनियां पूर्व मंत्री और जनजाति के वरिष्ठ नेता दलीचंद मईडा और युवा नेता परमेश्वर मईडा द्वारा आयोजित 'गंगाजल विशाल कलश यात्रा' के भव्य आयोजन में सम्मिलित हुये।

इस दौरान उन्हें बेणेश्वर धाम के पीठाधीश्वर श्री अच्युतानंदन महाराज सहित भारी संख्या में पधारे जनसैलाब का आशीर्वाद मिला। बारी में भव्य धार्मिक कार्यक्रम व गंगाजल कलश यात्रा में लगभग 21 हजार लोगों का जनसैलाब उमड़ा और मातृ शक्ति ने 11 हजार कलशों के साथ कलश यात्रा निकाली, जिसमें सतीश पूनियां विशाल जनसमुदाय के साथ कई किलोमीटर पैदल चलकर कलश यात्रा में शामिल हुये। संबोधित करते हुये डॉ. पूनियां ने कहा, पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर 21-22 दिन कर्नाटक चुनाव प्रचार में था, फिर राजस्थान आकर पार्टी की गतिविधियों में लगा रहा और खुद के क्षेत्र में लगा था। मुझे यहां आकर आनंद की अनुभूति हुई कि इतनी बड़ी विराट संख्या में आदिवासी भाई-बहन मुझे आशीर्वाद देने पधारे, अपनी आस्था को तो आपने प्रबल किया ही है, मेरे जैसे राजनीति और समाज के व्यक्ति को आप लोगों ने और ऊर्जा से भरपूर कर दिया है। पूनियां ने लोगो से आग्रह करते हुए कहा कि समय बदल गया है, आज पढ़ाई का, संस्कार का, अपने धर्म के प्रति मजबूती से डटे रहने और व्यसन मुक्ति का संकल्प लेने का समय है।

हम सब धर्म के लोग, समाज के लोग, राजनीति के लोग आप सबकी खुशहाली, उन्नित, सम्पन्नता और तरक्की के लिये तैयार हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनजाति समाज के विकास के लिये प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं। मैं संकल्पित हूं कि मेरी वाणी और कलम जनजाति के बहनों-भाइयों के उत्थान के लिये चलेगी। उन्होंने कहा कि मुझे अच्छा लगा कि आज गंगा मैया की महिमा के अवसर पर आप सब लोगों के दर्शन का सौभाग्य मिला। मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब होती है जब कोई आदिवासी बेटी पढ़-लिखकर तरक्की करती है, सरकार और प्रशासन का हिस्सा बनकर प्रदेश और देश की उन्नित में योगदान देती है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोविंद राव, विधायक कैलाश मीणा, धर्मेंद्र राठौड, प्रधान निर्मला मकवाना, कानहिंग रावत, बलबीर रावत, हकरू मईडा, राजेश कटारा, दीप सिंह वसुनिया, सोनिया वैष्णव, कांतिलाल अहारी, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र वैष्णव, जिला महामंत्री लाल सिंह पाटीदार, जगमाल सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

यात्री सुविधा समिति ने रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया

जयपुर, (का.सं.)। पी. के. कृष्णा दास, चेयरमैन, यात्री सुविधा समिति तथा सदस्य ने उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के दौरे के दौरान 17 से 18 तक सीकर, रींगस, गांधीनगर जयपुर एवं जयपुर स्टेशनों का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया तथा दिशानिर्देश प्रदान कर उन्हे और बेहतर बनाने पर बल दिया।

निरीक्षण के दौरान समिति ने सीकर व रींगस रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था के साथ-साथ खानपान इकाईयों, वेटिंग रूम, बुकिंग सुविधा, पेयजल की उपलब्धता व गुणवत्ता, शौचालय की सुविधा इत्यादि का निरीक्षण किया। उनके द्वारा स्टेशन पर प्रस्तावित विकास कार्यों आदि के बारे में भी रेल अधिकारियों से जानकारी ली गई तथा इस संबंध में उनसे चर्चा भी की गई। समिति के चेयरमैन व सदस्यों द्वारा स्टेशनों पर यात्रियों से चर्चा करके उपलब्ध यात्री सुविधाओं का फीडबैक भी लिया गया जिसमें यात्रियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। यह समिति यात्री सुविधाओं का जायजा लेने एवं उनमे सुधार के उद्देश्य से प्रति वर्ष देश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों का दौरा करती है जिससे यात्री सुविधायों में विस्तार करके यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान किया जा सके। समिति के सदस्यों ने मंडल रेल प्रबंधक, जयपुर नरेन्द्र एवं अन्य रेल अधिकारियों के साथ बैठक कर मण्डल के स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

कोहली ने शतक से लूटी महफिल, आरसीबी आठ विकेट से जीती

हैदराबाद, 18 मई। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने विराट कोहली (63 गेंदें, 100 रन) के शानदार शतक और फाफ डु प्लेसिस (71) के अर्द्धशतक की बदौलत गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद पर आठ विकेट की दमदार जीत के साथ आईपीएल प्लेऑफ की ओर एक और कदम बढ़ा लिया।

प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी सनराइजर्स ने हेनरिक क्लासेन (51 गेंद, 104 रन) के शानदार शतक की मदद से आरसीबी के सामने 187 रन का लक्ष्य रखा। आरसीबी ने यह लक्ष्य चार गेंदें रहते हुए हासिल कर लिया।

सनराइजर्स की बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए क्लासेन ने हैदराबाद पर अपनी छाप छोड़ते हुए 51 गेंद पर आठ चौकों और छह छक्कों की सहायता से 104 रन बनाये, हालांकि कोहली के सैकड़े के आगे उनका प्रयास बेकार चला गया। कोहली ने आईपीएल में अपना छठा शतक बनाते हुए 63 गेंद पर 12 चौके और चार छक्के

लगाकर 100 रन बनाये। उन्होंने आईपीएल में सर्वाधिक शतक जड़ने के मामले में क्रिस गेल की बराबरी भी कर ली।

कोहली और डु प्लेसिस 172 रन की साझेदारी के बाद लक्ष्य से कुछ दूर पहले आउट हो गये, जिसके बाद माइकल ब्रेसवेल ने विजयी रन जड़कर आरसीबी को बहुमूल्य दो अंक दिलाये। आरसीबी इस जीत के बाद 14 अंक अर्जित करके अंक तालिका में चौथे स्थान पर आ गयी है, जबकि सनराइजर्स 13 मैचों में सिर्फ आठ अंक के साथ तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर है।

कोहली ने क्लासेन के शतक की चमक खत्म करने वाली पारी की शुरुआत लगातार दो चौके जड़कर की, जबकि दूसरे ओवर में भी उन्होंने दो चौके जमाये। आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस को चौथे ओवर में जीवनदान मिला और उन्होंने इस ओवर में तीन चौके जड़कर रफ्तार पकड़ ली।

दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले में 65 रन जोड़कर एक आईपीएल सीजन में पहले विकेट के लिये सर्वाधिक अर्द्धशतकीय साझेदारियां (सात) करने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। यह रिकॉर्ड सबसे पहले डेविड वॉर्नर और जॉनी बेयरस्टो ने 2019 में बनाया था, जबकि डु प्लेसिस चेन्नई सुपर किंग्स के लिये रुतुराज गायकवाड़ के साथ 2021 में इसकी बराबरी कर चुके हैं। डु प्लेसिस नौवें ओवर में कैचआउट हुए लेकिन ओवर की दूसरी बाउंसर होने के कारण अंपायर ने उस गेंद को नो बॉल करार दे दिया। यह गलती सनराइजर्स को भारी पड़ी और डु प्लेसिस ने 34 गेंद में अपना अर्द्धशतक पूरा किया।

भारतीय गेंदबाजों की चोटों के बार-बार उभरने से जहीर हैरान

मुंबई, 18 मई। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने गुरुवार को कहा कि वह इस बात को लेकर 'हैरान' हैं कि कई तेज गेंदबाज बार-बार चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर समय बिता रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि कहीं ना कहीं कुछ गलत हो रहा है जिससे उन्हें इतनी 'गंभीर चोटें' लग रही हैं।

कई महीनों से क्रिकेट से दूर जसप्रीत बुमराह के अलावा दाएं हाथ के तेज गेंदबाज दीपक चाहर और प्रसिद्ध कृष्णा भी चोटों के कारण लंबे समय तक मैदान से दूर रहे। चाहर ने मौजूदा आईपीएल में वापसी की लेकिन पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बीच में कुछ मैच नहीं खेल पाए जबकि प्रसिद्ध को पीठ से संबंधित परेशानी हुई जिसके परिणामस्वरूप उन्हें स्ट्रेस फ्रैक्चर हो गया।

जहीर ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "इससे आपकी तरह मैं भी हैरान हूं। आपने गेंदबाजों का जिक्र किया लेकिन कुछ बल्लेबाज भी गंभीर चोटों का सामना कर रहे हैं। यह मेरी समझ से परे है और निश्चित तौर पर इसका संयोजन से कुछ लेना-देना है।" उन्होंने कहा, "कुछ चीजों को ध्यान से देखने की जरूरत है कि वे पूरे सत्र में क्या कर रहे हैं, उनकी ट्रेनिंग और उनके आराम से उबरने का अनुपात और बहुत सारी अन्य चीजें।" इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, "सिर्फ एक शब्द (वर्णन करने के लिए) में बताना बहुत मुश्किल है कि वास्तव में क्या चल रहा है, लेकिन मैं कहूंगा कि हां, कहीं न कहीं कुछ गलत हो रहा है क्योंकि इन सभी खिलाड़ियों को इतनी बड़ी चोट लग रही हैं।"

लेकिन जहीर इस आईपीएल में अन्य दो प्रमुख भारतीय तेज गेंदबाजों मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन से खुश दिखे। उन्होंने कहा, "उन्हें खेलते हुए देखना शानदार है। उन्होंने चीजों को सरल रखा है, कुछ ऐसा जो आवश्यक है। मैं कहूंगा कि यह पावरप्ले में खेलने का सही तरीका है और यह देखना बहुत अच्छा है कि गेंदबाज (उनके जैसे) इस तरह के उदाहरण पेश कर रहे हैं, चीजों को सरल रख रहे हैं और प्रारूप की जटिलताओं में नहीं फंस रहे।"

जहीर ने कहा कि शमी और सिराज के लिए व्यस्त आईपीएल का उनके कार्यभार पर ज्यादा असर नहीं पड़ना चाहिए क्योंकि टेस्ट मैच की तुलना में कम ओवर गेंदबाजी करनी होती है। भारतीय टीम को सात जून से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी खेलना है।

इससे पूर्व तेज गेंदबाज ने मौजूदा आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के उमरान मलिक को संभालने और इस्तेमाल करने के तरीके पर असंतोष व्यक्त किया जिनकी गति ने सभी को प्रभावित किया है।जहीर ने कहा, "मुझे लगता है कि उमरान मलिक को फ्रेंचाइजी द्वारा अच्छी तरह से संभाला नहीं गया है। सनराइजर्स उनकी सेवाओं का बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे और यह स्पष्ट है।"

मुंबई इंडियंस के क्रिकेट विकास के वैश्विक प्रमुख जहीर ने कहा कि स्ट्राइक तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर की गैरमौजूदगी के बावजूद फ्रेंचाइजी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, "जब आप मुंबई इंडियंस के बारे में बात करते हैं और जब आप देखते हैं कि सत्र चला है तो यह एक आसान सत्र नहीं रहा है (क्योंकि) पहले बुमराह और फिर जोफ्रा आर्चर बाहर हो गए। यह गेंदबाजी के लिहाज से कठिन सत्र रहा है लेकिन बल्लेबाजी बहुत अच्छी रही है- मैं इसे इसी तरह देखता हूं।"

अगर-मगर की कठिन डगर में एक-दूसरे से आगे निकलने का प्रयास करेंगे पंजाब और राजस्थान

धर्मशाला, 18 मई। अभी तक के अपने उतार-चढ़ाव वाले प्रदर्शन के कारण अगर-मगर की कठिन डगर में फंसी पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में खुद को एक दूसरे से बेहतर साबित करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद बरकरार रखने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम के 13 मैचों में समान 12 अंक हैं लेकिन राजस्थान की टीम बेहतर रन रेट के आधार पर पंजाब से आगे है। इन दोनों टीम को हालांकि इस मैच में जीत दर्ज करने के अलावा बाकी टीम के मैचों में भी अनुकूल परिणाम के लिए प्रार्थना करनी होगी। पंजाब की टीम फिर से महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही। उसके तेज गेंदबाजों ने पावर प्ले और डेथ ओवरों में रन लुटाए जो टीम को भारी पड़े। कैगिसो रबाडा, सैम कुरेन और अर्शदीप सिंह जैसे गेंदबाजों ने लगभग 10 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए जिससे टीम पर दबाव बना। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बुधवार को यहां रबाडा अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे। अर्शदीप का उपयोग इस मैच में पावर प्ले और डेथ ओवरों में नहीं किया गया जिस पर सवाल उठने लाजमी हैं क्योंकि यह तेज गेंदबाज डेथ ओवरों में अपनी यॉर्कर और शुरू में अपनी स्विंग से बल्लेबाजों को परेशान करता रहा है। अर्शदीप के प्रदर्शन में हालांकि निरंतरता का अभाव रहा है और इस करो या मरो वाले मैच में अब उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। शिखर धवन ने दिल्ली के खिलाफ 20वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार का उपयोग किया लेकिन उनका यह दांव नहीं चला और आखिर में मैच में उनके इस फैसले ने बड़ा अंतर पैदा किया। बल्लेबाजी में पिछले दो मैचों में स्वयं धवन नहीं चल पाए और उन्हें अब आगे बढ़कर नेतृत्व करने की जरूरत है। टूर्नामेंट के पहले चरण में लग रहा था कि राजस्थान रॉयल्स की टीम को हराना बेहद मुश्किल है लेकिन इसके बाद उसकी लय गड़बड़ा गई और पिछले पांच मैचों में से वह केवल एक मैच में जीत दर्ज कर पाई। राजस्थान के पास यशस्वी जायसवाल और युजवेंद्र चहल जैसे बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। जोस बटलर और कप्तान संजू सैमसन ने भी कुछ शानदार पारियां खेली हैं। इन दोनों से टीम को इस मैच में भी बड़ी पारियों की उम्मीद होगी। राजस्थान रॉयल्स की टीम को देखते हुए उसे टूर्नामेंट के शुरू में खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन अगर वह अब मुश्किल परिस्थिति में है तो इसकी जिम्मेदार वह स्वयं है।

एलएसजी ने सूर्यांश शेडगे को 20 लाख में खरीदा

लखनऊ 18 मई। कंधे की चोट के कारण आईपीएल से बाहर हुये जयदेव उनादकट के स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने सूर्यांश शेडगे को टीम में शामिल किया है। एलएसजी ने मीडिया एडवाइजरी जारी कर यह जानकारी साझा की। गुरुवार को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के शेष मैचों के लिए चोटिल जयदेव उनादकट की जगह सूर्यांश शेडगे को टीम में शामिल किया गया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उनादकट को ट्रेनिंग के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। अंडर-19 में बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके हरफनमौला सूर्यांश 20 लाख रुपये में एलएसजी से जोड़ा गया है। गौरतलब है कि एलएसजी प्लेआफ में जगह पक्की करने के लिये 20 मई को अपना अगला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलेगी। इस मैच में एलएसजी की टीम दिग्गज फुटबॉल क्लब मोहन बागान की लाल और हरे रंग की जर्सी जैसे रंग की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी।

हम कल के मैच को सत्र के आखिरी मुकाबले की तरह देख रहे है : संदीप

धर्मशाला, 18 मई। राजस्थान रॉयल्स कम संभावनाओं के साथ इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ की दौड़ में बना हुआ लेकिन टीम के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने गुरुवार को कहा कि पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को खेले जाने वाले मैच को इस सत्र के अपने आखिरी मुकाबले की तरह लेंगे।

राजस्थान रॉयल्स का नेट रन रेट पंजाब किंग्स से बेहतर है लेकिन इस मुकाबले को जीतने वाली टीम को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अन्य मुकाबलों से अनुकूल नतीजों की उम्मीद होगी। संदीप ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, "इस तरह का मैच खेलना सबसे आसान है, आपको ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं होती है। मैदान पर उतर कर अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ करना होता है। हम फिलहाल इस मुकाबले को सत्र का अपना आखिरी मैच मान रहे और इसे सकारात्मक तरीके से खत्म करना चाहेंगे।"

उन्होंने कहा," जाहिर तौर पर यह थोड़ा तनावपूर्ण है, हर टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना चाहती है और इस साल हमारे लिए चीजें मुश्किल हो गयी है। एक पेशेवर खिलाड़ी के रूप में हालांकि हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और अपनी टीम के लिए मैच जीतने की कोशिश करनी होगी।" राजस्थान ने शुरुआती पांच मैचों में से चार में जीत के साथ सत्र की शानदार शुरुआत की थी लेकिन टीम इस प्रदर्शन को जारी नहीं रख पायी। संदीप ने इस दौरान चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ आखिरी ओवर में दो शानदार यॉर्कर डाल कर टीम को जीत दिलाई लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आखिरी गेंद पर उनका नो बॉल डालना टीम को भारी पड़ा, जिसने उसने लगभग जीती हुई बाजी गंवा दी।

संदीप ने कहा कि लक्ष्य का बचाव करते समय गेंदबाजी करना मुश्किल है। उन्होंने कहा, "अगर आप पहली पारी में गेंदबाजी कर रहे है और आपके खिलाफ 15-16 रन बन गये तब भी दबाव नहीं होगा। लेकिन अगर आप दूसरी पारी में गेंदबाजी कर रहे है तो आप पर ज्यादा दबाव होता है। एक गेंदबाज के तौर पर आपको हालांकि परिस्थितियों से घबराये बिना चुनौतियों को स्वीकार करना होता है।"